हॉकर्स जोन में शिफ्ट नहीं हो सके हाथठेले

जिला प्रशासन ने पिछले माह 21 जुलाई तक कटरा बाजार हाथठेला मुक्त करने के निर्देश दिए थे

नवभारत न्यूज

सागर 1 अगस्त. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी का हृदय स्थल कटरा बाजार तमाम प्रयासों के बावजूद भी एक दशक बाद तक हाथ ठेला मुक्त नहीं हो पा रहा है. जिसके चलते शहर की यातायात व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है.

मालूम हो कि पिछले माह 18 जुलाई को जिला प्रशासन द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में निगमायुक्त राजकुमार खत्री को तीन दिवस के भीतर 21 जुलाई तक शहर को हाथ ठेला मुक्त करने के निर्देश दिए गए थे. साथ ही हाथठेला व्यवासियों को हॉकर्स जोन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे. पिछले एक दशक से शहर के हृदय स्थल जामा मस्जिद के चारों ओर के प्रमुख मार्गों पर फुटपाथ और हाथठेला व्यवसायियों का कब्जा हो गया है. पूर्व में स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा भी हाथठेला मुक्त शहर करने के निर्देश दिए गए थे. जिसके तहत नया बाजार स्थित पुरानी सब्जी मंडी में कृषि उपज मंडी समिति के माध्यम से लगभग सवा करोड़ रुपए की लागत से शेड का निर्माण हुआ था. जिसमें हाथठेला दुकानदारों को लॉटरी के माध्यम से स्थान का आवंटन भी कर दिया गया था. मगर उसके बावजूद भी स्थिति ज्यों की त्यों है.

हाथ ठेला मुक्त होगा कटरा बाजार

ढाई दशक में अनेकों बार बेतरतीब यातायात को सुगम बनाने के लिए अनेकों बार हुए प्रयास,समय सीमा 21 जुलाई निर्धारित

नवभारत न्यूज

सागर 17 जुलाई. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी की बेतरतीब यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने की कवायद एक बार फिर शुरू होने जा रही है. तमाम प्रयासों के बावजूद शहर के हृदय स्थल कटरा बाजार से फुटपाथ और हाथ ठेला पर संचालित दुकानों से पैदल चलना मुश्किल हो गया है.

बैठक में कटरा बाजार की यातायात व्यवस्था का मुद्दा भी उठाया गया कलेक्टर श्रीमती हाथ-ठेला व्यवसायियों को तय हॉकर्स जोन में शिफ्ट करने हेतु 21 जुलाई की अंतिम समय-सीमा निर्धारित कर नगर निगम के अमले को कार्य करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने नगर निगम के जोन विकसित कर, क्रियाशील करें ताकि हाथ-ठेला व्यवसायियों का सुचारू पुनर्वास हो सके. निर्धारित समयावधि के पश्चात मुख्य मार्गों और कटरा बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण या यातायात बाधित

नगर निगम के राजस्व सुदृढ़ीकरण और वित्तीय आत्मनिर्भरता को लेकर बैठक में व्यापक कार्ययोजना पर सहमति बनी. ओआरएस मॉर्गेज के माध्यम से बड़ी संपत्तियों, व्यावसायिक इकाइयों आदि पर बाजी दर के तार्किक निर्धारण, त्वरित रिकवरी करने की रणनीति पर चर्चा हुई. इसके साथ ही, निगम के बढ़ते वित्तीय भार को नियंत्रित करने, राजस्थान परिसंपत्ति के बिजली खर्च, रखरखाव लागत की समीक्षा की गई और बिजली भार कम करने के लिए सोलर पैनल जैसे विकल्प की संभावना तलाशने और क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए. इसके अतिरिक्त एजी ऑडिट कराने के निर्देश भी दिए गए. विधायक शैलेंद्र जैन ने आवास योजनाओं के तहत लंबित/अपूर्ण कार्यों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया. जिसके अंतर्गत कमेरा देव एवं मेनारी परिसंपत्तियों में आवंटन तथा हस्तांतरण की प्रक्रियाओं को समय सीमा तय करके पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. महापौर श्रीमती संगीता तिवारी ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होगा. राजस्व संग्रहण में पारदर्शिता और तेजी लाकर शहर के विकास गति को और गति दी जा रही है. निगम अध्यक्ष सुंदरम अहिरवार ने कहा कि नगर निगम परिषद शहर के ज्वलंत विकास और जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए

-----जुलाई माह में आयोजित बैठक का समाचार प्रकाशित-------

> पिछले माह बैठक में कटरा बाजार की यातायात व्यवस्था का मुद्दा भी उठाया गया था. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए हाथ-ठेला व्यवसायियों को तय हॉकर्स जोन में शिफ्ट करने हेतु 21 जुलाई की अंतिम समय-सीमा निर्धारित कर नगर निगम के अमले को कार्य करने के निर्देश दिए थे. उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया था कि वे सभी वार्डों में भी हॉकर्स जोन विकसित कर, क्रियाशील करें ताकि हाथ-ठेला व्यवसायियों का सुचारू पुनर्वास हो सके. निर्धारित समयावधि के पश्चात मुख्य मार्गों और कटरा बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण या यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध जब्ती की कार्रवाई की बात कही गई थी. मालूम हो कि विजय टॉकीज रोड पर निर्माणाधीन साबूलाल मार्केट में पूर्व में हाथठेला सब्जी विक्रेताओं को शेड बनाकर आवंटित किए गए थे. मगर शेड में न बैठकर दुकानदार सड़क पर हाथठेला पर व्यवसाय कर आवागमन अवरुद्ध करते रहे तो वहीं कटरा बाजार में फुटकर फल दुकानदार और गुजराती बाजार में हाथठेला पर मनिहारी की दुकानें संचालत हो रही है.

फॉलो-अप के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

सागर 1 अगस्त. प्रशासनिक मुखिया ने मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाने के संकल्प के साथ चूक नहीं होने देंगे के संदेश के साथ स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण सत्रों में स्वयं उपस्थित होकर कमान संभाली.

प्रशिक्षण सत्रों के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं, आशा पर्यवेक्षकों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से सीधे संवाद किया. उन्होंने कहा कि जिले में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, और सटीक डेटा तथा सतत फॉलो-अप के साथ निर्धारित लक्ष्यों को हर हाल में प्राप्त करना होगा. अनमोल 2.0' तथा यूविन पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि पर निर्देश दिए गए कि पोर्टल पर दर्ज आंकड़े शत-प्रतिशत सही होने चाहिए.

> कलेक्टर ने कहा है कि योग्य दम्पतियों एवं गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन हो, कोई भी लक्षित महिला छूटनी नहीं चाहिए. हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान और उनके सतत फॉलो-अप की जिम्मेदारी आशा, एएनएम सहित संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की व्यक्तिगत जवाबदेही होगी. हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं के मामलों में उनकी एक्सपेक्टेड डेट ऑफ डिलीवरी के अनुसार पूर्व में ही बर्थ प्लैनिंगजिला चिकित्सालय या मेडिकल कॉलेज में सुनिश्चित किया जाए, ताकि गोल्डन टाइम व्यर्थ न हो. इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के प्रकरण में प्रसव ऐसे स्वास्थ व्यवस्था में हो जहां हर प्रकार की आपातकालीन स्थिति के लिए उचित प्रबंधन हो. कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी अप्रिय स्थिति या मृत्यु की घटना होती है, तो संबंधित मामले की बैक-ट्रैकिंग कर जवाबदेही तय की जाएगी. उन्होंने गर्भवती महिलाओं की चारों एएनसी जांचें समय पर पूर्ण करने के भी निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में घर पर प्रसव न कराया जाए, शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए. ई-केवाईसी और डीबीटी प्रक्रिया प्रसव से पूर्व ही पूर्ण कराएं.

एक नजर में

मेन रोड नाली निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

सागर. सूबेदार वार्ड स्थित गुलाब बाबा मंदिर, दुबे तालाब के समीप मुख्य मार्ग पर लंबे समय से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई थी. बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से आम नागरिकों, राहगीरों तथा स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था. समस्या की गंभीरता को देखते हुए वार्ड पार्षद श्रीमती रूबी कृष्ण कुमार पटेल ने निगमायुक्त एवं महापौर को आवेदन प्रस्तुत किया था. स्वीकृति मिलने के बाद भूमिपूजन कर मेन रोड नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया. इस दौरान प्रीतम प्रजापति, आनंद साहू, पराग जैन, बृजेश प्यासी, प्रभु रैकवार, वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम पटेल उपस्थित रहे.

किसानों का लगा राजस्व समस्या निवारण शिविर

गौरझामर. ग्राम पंचायत भवन में किसानो की सुविधा हेतु राजस्व विभाग द्वारा एक दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर लगाया गया. करीब दो दर्जन किसान राजस्व सबंधी, विकलांग पेंसन,पीएम आवास सत्यापन आदि की समस्याएं लेकर आये जिनका निराकरण किया गया. तहसीलदार वर्षा दुबे के समक्ष वार्ड नंबर बीस में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु शिकायत आयी जिसके बाद सरपंच श्रीमति बबीता विश्वकर्मा, गोविंद तिवारी सचिव राजस्व अमला के साथ मौके पर पहुंची व समस्या का निराकरण किया. इस दौरान नायब तहसीलदाररामराजा चौधरी उपस्थित थे.

दर्शनशास्त्र विभाग में कार्यक्रम का आयोजन

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. डॉ. देबस्मिता चक्रबर्ती ने महर्षि वेदव्यास, भगवान बुद्ध तथा श्रीरामकृष्ण-स्वामी विवेकानन्द की परम्परा के माध्यम से गुरु-शिष्य सम्बन्ध की प्रासंगिकता को रेखांकित किया. डॉ. अर्चना वर्मा ने कहा कि सच्चा गुरु आत्म-अन्वेषण के मार्ग को आलोकित कर शिक्षार्थी में निहित प्रज्ञा को जागृत करता है. इस दौरान डॉ. नरेन्द्र बौद्ध, विभागाध्याक्ष डॉ. अनिल तिवारी ने, डॉ. मनोहरलाल चौरसिया, खरक सिंह, गब्बर, विभा पाण्डेय, मयंक विनायक राय, विश्वास नायक उपस्थित रहे .संचालन शोधार्थी अक्षरा सिंघई ने किया.

सड़कों पर हो रहा है जलभराव

रहली. कुछ घंटों की बारिश ने नगर पालिका की तैयारियों की पोल दी है. वार्ड क्रमांक-4 स्थित साहू कॉलोनी में बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव हो गया और कई घरों में पानी घुस गया, जिससे रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. गांधी प्रतिमा से समीक्षा महादेव परिसर के सामने लगने वाले सब्जी बाजार में भी नालियों से पानी की निकासी नहीं होने के कारण जलभराव हो गया, कई स्थानों पर नदियों का पानी उबाल कर सड़कों पर बह गया, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों को दिक्कत हुई. स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराने और स्थायी समाधान की मांग की.

भूमिपूजन एवं शिलान्यास

सागर. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा मंगल विहार धर्मश्री कॉलोनी में भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन रविवार, 2 अगस्त को संविधान चौक के पास होगा. मुख्य अतिथि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं सांसद डॉ. लता वानखेड़े उपस्थित रहेंगे. अध्यक्षता गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष ओम जैन करेंगे. विशिष्ट अतिथियों में विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, भूपेन्द्र सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया, वृजबिहारी पटैरिया, वीरेन्द्र सिंह लोधी, महापौर संगीता तिवारी शामिल रहेंगे. विशेष अतिथि निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार रहेंगे.

वृंदावन वार्ड में जलभराव स्थल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सागर 1 अगस्त. स्थानीय निवासियों द्वारा प्राप्त शिकायत की जमीनी जानकारी लेने हेतु महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने वृंदावन वार्ड की श्रीराम कॉलोनी स्थित गायत्री माता मंदिर के पीछे वाली गली में जलभराव की स्थिति का नगर निगम अमले के साथ निरीक्षण किया.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कार्यपालन यंत्री जितेंद्र गुप्ता को सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रिशांक तिवारी ने बताया कि गली में निर्मित सीसी सड़क के लेवल में सुधार की आवश्यकता है. इस पर महापौर श्रीमती तिवारी ने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के उपरांत महापौर श्रीमती तिवारी ने वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सुशील तिवारी के साथ रहवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना. स्थानीय निवासी अजय तिवारी के निवास पर पहुंचीं और परिवार के वरिष्ठजनों से भेंट कर उनका हालचाल जाना.

बुजुर्ग महिला के पेट से सिस्ट सर्जरी

नवभारत न्यूज

सागर 1 अगस्त. बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने एक जटिल एवं उच्च जोखिम वाली शल्य चिकित्सा को संपन्न कर उपलब्धि हासिल की है।

विभाग की विशेषज्ञ टीम ने 70 वर्षीय महिला के पेट से लगभग 1 किलोग्राम वजनी तथा 15म20 सेंटीमीटर आकार की विशाल एडनेक्सल सिस्ट को सुरक्षित रूप से निकालकर मरीज को नया जीवन प्रदान किया। बड़ा बाजार, निवासी श्रीमती मुन्नी बाई को लंबे समय से पेट में दर्द एवं सूजन की शिकायत थी। जांच के दौरान उनके पेट एवं श्रोणि क्षेत्र में एक बड़ी गांठ पाई गई। अल्ट्रासाउंड एवं सीईसीटी जांच के बाद इसे एडनेक्सल सिस्ट के रूप में चिन्हित किया गया।मरीज पिछले लगभग चार वर्षों से क्रॉनिक डायरिया की समस्या से भी पीड़ित थीं। उच्च जोखिम की सहमति के बाद मरीज को ऑपरेशन के लिए तैयार किया। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. शीला जैन के नेतृत्व में सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका पटेल तथा डॉ. सिफ्टी बंगा, डॉ. रिंशु सुजोरिया, नर्स राखी गौतम का सहयोग रहा।

भवन निर्माण कार्यों को स्वीकृति

नवभारत न्यूज

सागर 1 अगस्त. बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लंबरदार के प्रयासों से राज्य योजना अंतर्गत 13 करोड़ 48 लाख 58 हजार रुपये की लागत से शासकीय विद्यालयों के भवन निर्माण कार्यों को तकनीकी स्वीकृति मिल गई है।

स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत बंडा विकासखंड के पिपरिया चमारी, चकेरी बिनेका, जगथर, भेड़ा खास, बेसली, राखसी, भड़राना, नीमोन एवं बण्डा के शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, आधुनिक लाइब्रेरी, स्टाफ रूम तथा नए टॉयलेटों का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों से हजारों विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक श्री लंबरदार लगातार विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत हैं। क्षेत्रवासियों ने उपलब्धि पर विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। लगातार नई योजनाओं की स्वीकृति और विकास कार्यों की सौगात से बंडा विधानसभा विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

स्थानांतरण रहली हुआ

शाहगढ़. जिला सहकारी बैंक ब्रांच मैनेजर अतुल तिवारी का स्थानांतरण रहली हुआ. उनका विदाई समारोह हुआ जिसमें बैंक कर्मियों के अलावा क्षेत्र के किसान सम्मलित हुए. श्री तिवारी इसके साथ ही फसल खरीदी में रात तक और सुबह जल्दी बैंक में कार्य करना इतना ही नहीं खरीदी केंद्रों पर जाकर व्यवस्था करना। कम स्टाफ के साथ बड़ी जममेदारी बखूबी संभाला है। अतुल तिवारी ने शाहगढ़ में 12 बर्ष तक जिला सहकारी बैंक मर्यादित शाहगढ़ में सेवाएँ दी है। नये ब्रांच मैनेजर मनीष जैन रहली से शाहगढ़ स्थानांतरित हुए जिन्होने कार्यभार ग्रहण किया है.

बीना में वंदे मातरम की स्टापेज को लेकर ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सागर 1 अगस्त. सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने लोकसभा सत्र के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उन्होंने सागर लोकसभा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार को देखते हुए बीना जंक्शन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज, मंडीबामोरा स्टेशन पर डॉ. अंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस के ठहराव तथा ललितपुर सागर करेलीएछिंदवाड़ा नई रेल लाइन की संशोधित डीपीआर को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर परियोजना को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। सौंपे गए मांग पत्र में सांसद डॉ. वानखेड़े ने कहा कि सागर लोकसभा क्षेत्र में आज भी किसी भी वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव नहीं है, उन्होंने रानी कमलापति भोपाल -हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस का बीना जंक्शन पर मात्र दो मिनट का ठहराव प्रदान करने का अनुरोध किया।

उन्होंने बताया कि कुरवाई, सिरोंज एवं शमशाबाद विधानसभा के नागरिक लंबे समय से इंदौर प्रयागराज एक्सप्रेस का मंडीबामोरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव किए जाने की मांग कर रहे हैं।

वन्य जीवों को प्राकृतिक आवास में सुरक्षित एवं स्वतंत्र जीवन सुनिश्चित कराना आवश्यक

नवभारत न्यूज

सागर 1 अगस्त. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के अपराधशास्त्र एवं न्यायिक विज्ञान विभाग में वन्यजीव अपराध संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, भोपाल से आये अधिकारी, डॉ. किशोर शर्मा एवं इंजी. नदीम हुसैन के द्वारा वन्यजीव अपराधों को रोकने और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने वन्यजीव क्या हैं? वन्यजीव के अपराध कैसे होते हैं? जाने-अनजाने में हम उन अपराधों को बढ़ावा कैसे दे रहे हैं? और इन अपराधों पर कार्यवाही किस प्रकार होती हैं? इन सभी बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य वन्यजीव अपराध की कार्यवाही में अपराधशास्त्र एवं न्यायिक वैज्ञानिक की निष्पक्ष भूमिका पर केंद्रित था। जैसे एक न्यायिक वैज्ञानिक घटना स्थल पर पहुंच कर किस प्रकार जांच करते हैं और चैन ऑफ कस्टडी को कैसे बनाये रखते है। अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. वाई. एस. ठाकुर द्वारा की गई। प्रो. देवाशीष बोस ने रूपरेखा प्रस्तुत की। विभागाध्यक्ष प्रो. ममता पटेल द्वारा आभार भाषण दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. वंदना विनायक, डॉ. एस.एम. महेंद्र सिम्हा करना, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. विवेक मेहता, डॉ. मुकेश चौरसिया डॉ. अभिलाषा दुर्गबंशी, डॉ. केशव टेकाम मौजूद थे।

तकनीकी स्वीकृति जारी

सागर. खुरई में नेचुरल सिंथेटिक एथेलेटिक्स ट्रेक के सिविल एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए लोकनिर्माण विभाग ने 418.33 लाख की तकनीकी स्वीकृति आदेश जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह के मांगपत्र पर मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने खुरई आमसभा में यह घोषणा की थी जिस पर अमल किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। खुरई में नेचुरल सिंथेटिक एथेलेटिक्स ट्रेक निर्माण कार्य हेतु लोनिवि के कार्यपालन यंत्री द्वारा प्रस्तुत विस्तृत प्राक्कलन एवं साईट प्लान, कांसेप्ट प्लान अनुसार 358.49 लाख की लागत से सिविल कार्य की तकनीकी स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य हेतु विद्युतीकरण कार्य के लिए 59.84 लाख की तकनीकी स्वीकृति जारी की गई है।

चातुर्मास कलश स्थापना आज

नवभारत न्यूज

सागर 1 अगस्त. बालयति मुनिश्री शाश्वतसागर महाराज ससंघ तीन मुनिराज, मुनिश्री शाश्वत सागर, मुनि श्री नमि सागर, मुनि श्री अभय सागर महराज का मंगल चातुर्मास श्री महावीर जिनालाय, संत भवन, शास्त्री वार्ड सागर मे हो रहा है।

वर्षायोग की कलश स्थापना विद्या भवन, भाग्योदय रोड, सुभाष नगर में रविवार 2 अगस्त के दोपहर 1 बजे से होगी। मुनिश्री शाश्वत सागर सागर नगर के ही है, उनका जन्म 17 अप्रेल 1978 के दिन सागर मे लखमीचंद बिलाई बाले एवं माता श्रीमती पुष्पा के यहाँ बेटा विजय के रूप मे हुआ था। आपने 1998 मे कुंडलपुर मे आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से सात प्रतिमा के साथ आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत लेकर अपने साधना पथ की शुरुआत की। 30अक्टूबर 2020 शरद पूर्णिमा के दिन सतना मप्र मे दक्षिण के प्रमुख आचार्य वर्धमान सागर महा मुनिराज से मुनि दीक्षा ग्रहण की और विजय से बन गए शाश्वत सागर।

हाईटेक इंटरसेप्टर बाइक मिली

नवभारत न्यूज

ललितपुर 1 अगस्त. यातायात निदेशालय द्वारा जनपद को उपलब्ध कराई गई दो इंटरसेप्टर बाइकों को एसपी संजीव बाजपेई ने पुलिस लाइन परिसर से हरी झंडी दिखाकर यातायात व्यवस्था के लिए रवाना किया।

एसपी ने बताया कि इन अत्याधुनिक इंटरसेप्टर बाइकों की मदद से जनपद में ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों पर प्रभावी निगरानी रखी जाएगी। एसपी श्री बाजपेई ने यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी को निर्देश दिए कि इंटरसेप्टर बाइकों का पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ उपयोग किया जाए तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

महापौर को सौंपा ज्ञापन

सागर. नगर निगम में वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी मस्टरकर्मी एवं सफाईकर्मियों को चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति देने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में मांग की गई कि नगर निगम में रिक्त पड़े चतुर्थ श्रेणी के पदों पर लंबे समय से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए. ज्ञापन में बताया गया कि नगर निगम में चतुर्थ श्रेणी के 415 से अधिक स्वीकृत पद हैं, जिनमें बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं। दूसरी ओर, दैनिक वेतनभोगी मस्टरकर्मी एवं सफाईकर्मी वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2026-27/32 — :: सूचना ::- — सागर दिनांक: 27/07/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अत: इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्र.	प्र.क्र.	वार्ड का नाम भवन/प्लाट	किस आधार पर	नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम	जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है
1.	801/26-27	मोतीनगर	मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथ पत्र	स्व. भागवती पति स्व.बलराम शुक्ला	रमन, हरीओम एवं सरोज सभी पुत्र/पुत्री स्व.बलराम शुक्ला
2.	802/26-27	अंबेडकर	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	कामना पति प्रमोद साहू	अनीता पति दिनेश कुमार तिवारी
3.	803/26-27	अंबेडकर	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	रविता पति विनोद प्रजापति	गीता पति महेशदत्त भार्गव
4.	804/26-27	चकराघाट	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	कमल शंकर पिता स्व. देवीप्रसाद दुबे	अभय पिता मिट्ठूलाल चौरसिया
5.	805/26-27	चकराघाट	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	राजेंद्र प्रसाद पिता स्व. देवीप्रसाद दुबे	आशीष पिता मिट्ठूलाल चौरसिया
6.	806/26-27	बाघराज	रजि.हस्तांतरण पत्र,शपथ पत्र	संगम गृह निर्माण समिति प्रधान कार्यालय	प्रफुल्ल पिता सुरेश हल्वे
7.	807/26-27	बाघराज	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	संभव डेव्लपर्स पार्ट : आनंद कुमार पिता वीरेंद्र कुमार गुप्ता एवं शिवराज पिता हरिप्रसाद शुक्ला	अजीत पिता स्व. अरुण सिंह रैकवार
8.	808/26-27	बाघराज	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	प्रकाश पिता स्व. शिवशंकर चौबे	विशाल पिता किशोर गजभिये
9.	809/26-27	बाघराज	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	प्रकाश पिता स्व. शिवशंकर चौबे	रेखा पति अमरनाथ गुप्ता
10	810/26-27	बाघराज	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	नारायण, पूरन, राजू तीनों पिता स्व.अंतू एवं देवकीबाई पति भगवानदास, गनेशीबाई पति बिहारी दोनों पुत्रियां स्व.अंतू पटैल	सीमा पति अनुज पाण्डे

कृते आयुक्त
नगर पालिक निगम सागर